मिठाईवाला

(Model Question Paper)

प्रश्न-1 'मिठाईवाला' पाठ के लेखक का क्या नाम है?

उत्तर - 'मिठाईवाला' पाठ के लेखक का नाम भगवतीप्रसाद है।

प्रश्न-2 खिलौने देख कर बच्चों को कैसा लगता है?

उत्तर - बच्चे खिलौने देखकर पुलकित हो उठते।

प्रश्न-3 मुन्नू ने खिलौना कितने पैसे में ख़रीदा?

उत्तर - मुन्नू ने खिलौना दो पैसे में ख़रीदा।

प्रश्न-4 खिलौनेवाला मुरली बेचने नगर में कब आया?

उत्तर - खिलौनेवाला मुरली बेचने नगर में छह महीने बाद आया।

प्रश्न-5 मुरलीवाला कैसा साफ़ा बाँधता था?

उत्तर - मुरलीवाला बीकानेरी रंगीन साफ़ा बाँधता था।

प्रश्न-6 चुन्नू और मुन्नू ने कौन सा खिलौना ख़रीदा?

उत्तर - चुन्नू और मुन्नू ने हाथी और घोडा ख़रीदा।

प्रश्न-7 रोहिणी को खिलौनेवाले का स्मरण कब हो आया?

उत्तर - मुरलीवाले के स्वर को सुन कर रोहिणी को खिलौनेवाले का स्मरण हो आया।

प्रश्न-8 पाठ में लेखक ने खिलौनेवाले के मधुर गान की तुलना किससे की है?

उत्तर - पाठ में लेखक ने खिलौनेवाले के मधुर गान की तुलना सागर की हिलोर से की है।

प्रश्न-9 मुरलीवाले के बारे में लोगों ने क्या अनुमान लगाया?

उत्तर - मुरलीवाले के बारे में लोगों ने अनुमान लगाया कि "यह वही तो नहीं; जो पहले खिलौने बेचा करता था?"

प्रश्न-10 मुरलीवाला कैसा दीखता था?

उत्तर - मुरलीवाला तीस-बत्तीस का दुबला पतला गोरा युवक था और वह बीकानेरी रंगीन साफ़ा बाँधता था।

प्रश्न-11 मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ कैसा था?

उत्तर- मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ बहुत स्नेहवाला था। बच्चे जो रंग पसंद करते, मुरलीवाला उसी रंग की मुरली निकाल कर दे देता था।

प्रश्न-12 बहुत ही मीठे स्वरों के साथ खिलौनेवाला गलियों में घूमता हुआ क्या कहता था?

उत्तर- बहुत ही मीठे स्वरों के साथ वह गलियों में घूमता हुआ कहता "बच्चों को बहलानेवाला, खिलौनेवाला।"